SUN,03 MAY 2026
EDITION: FATEHGARH SAHIB BANI, PAGE NO. 1

जग बानी
ई-पेपर

ਓਮ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਬਾਂਸਲ ਮਾਡਰਨ ਸਕੂਲ ਵਿਚ ਓਲੰਪੀਆਡ ਇੰਟਰੈਕਟਿਵ ਸੈਸ਼ਨ ਆਯੋਜਿਤ

ਓਮ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਬਾਂਸਲ ਮਾਡਰਨ ਸਕੂਲ ਵਿਚ ਆਯੋਜਤ ਸ਼ੈਸ਼ਨ ਮੌਕੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨਾਲ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਸੰਗੀਤਾ ਸ਼ਰਮਾ। (ਸੁਰੇਸ਼)

ਮੰਡੀ ਗੋਬਿੰਦਗੜ੍ਹ, 2 ਮਈ (ਸੁਰੇਸ਼) - ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਪ੍ਰਸਿੱਧ ਵਿਦਿਅਕ ਸੰਸਥਾ ਓਮ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਬਾਂਸਲ ਮਾਡਰਨ ਸਕੂਲ, ਮੰਡੀ ਗੋਬਿੰਦਗੜ੍ਹ ਨੇ ਓਲੰਪੀਆਡ ਜੇਤੂਆਂ ਲਈ ਇੱਕ ਪ੍ਰੇਰਨਾਦਾਇਕ ਇੰਟਰੈਕਟਿਵ ਸੈਸ਼ਨ ਦੀ ਮੇਜ਼ਬਾਨੀ ਕੀਤੀ, ਜਿਸ ਵਿਚ 12ਵੀਂ ਜਮਾਤ ਦਾ ਪ੍ਰਤਿਭਾਸ਼ਾਲੀ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਹਰਸ਼ਿਤ ਸਿੰਗਲਾ ਮੁੱਖ ਆਕਰਸ਼ਣ ਰਿਹਾ। ਹਰਸ਼ਿਤ ਨੇ ਉਜ਼ਬੇਕਿਸਤਾਨ ਵਿਚ ਹੋਣ ਵਾਲੇ 58ਵੇਂ ਅੰਤਰਰਾਸ਼ਟਰੀ ਕੈਮਿਸਟਰੀ ਓਲੰਪੀਆਡ (ਆਈਸੀਐਚਓ) ਲਈ ਟੀਮ ਇੰਡੀਆ ਲਈ ਚੁਣੇ ਜਾਣ ਨਾਲ ਸਕੂਲ ਦਾ ਮਾਣ ਵਧਾਇਆ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਮਾਪਿਆਂ ਨੇ ਵੀ ਹਿੱਸਾ ਲਿਆ, ਜਿਸ ਨਾਲ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਹੋਰ ਵੀ ਪ੍ਰਭਾਵਸ਼ਾਲੀ ਅਤੇ ਅਰਥਪੂਰਨ ਹੋ ਗਿਆ।

ਆਪਣੇ ਤਿਆਰੀ ਦੇ ਤਜ਼ਰਬਿਆਂ ਨੂੰ ਸਾਂਝਾ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਹਰਸ਼ਿਤ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ ਵਿਸ਼ੇ ਦੀ ਡੂੰਘੀ ਸਮਝ ਵਿਕਸਤ ਕਰਨ, ਪ੍ਰਭਾਵਸ਼ਾਲੀ ਅਧਿਐਨ ਵਿਧੀਆਂ ਅਪਣਾਉਣ ਅਤੇ ਪ੍ਰੀਖਿਆ ਦੇ ਦਬਾਅ ਨੂੰ ਸੰਤੁਲਿਤ ਢੰਗ ਨਾਲ ਸੰਭਾਲਣ ਲਈ ਕੀਮਤੀ ਸੁਝਾਅ ਦਿੱਤੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਇਕਸਾਰ ਅਭਿਆਸ, ਅਨੁਸ਼ਾਸਨ ਅਤੇ ਉਤਸੁਕਤਾ ਬਣਾਈ ਰੱਖਣ ਲਈ ਉਤਸ਼ਾਹਿਤ ਕੀਤਾ।

ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੌਰਾਨ ਉਤਸ਼ਾਹ ਨਾਲ ਸਵਾਲ ਪੁੱਛੇ ਅਤੇ ਮਾਪਿਆਂ ਨੇ ਵੀ ਸੈਸ਼ਨ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਸਕੂਲ ਦੀ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਸੰਗੀਤਾ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਹਰਸ਼ਿਤ ਦੀ ਉਦਾਹਰਣ ਤੋਂ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਲੈਂਦੇ ਹੋਏ ਉੱਚ ਟੀਚੇ ਨਿਰਧਾਰਤ ਕਰਨ ਲਈ ਉਤਸ਼ਾਹਿਤ ਕੀਤਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅੱਜ ਦਾ ਸੈਸ਼ਨ ਸਾਨੂੰ ਸਿਖਾਉਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਹੀ ਦਿਸ਼ਾ ਵਿਚ ਨਿਰਦੇਸ਼ਿਤ ਸਖ਼ਤ ਮਿਹਨਤ, ਸਮਰਪਣ ਅਤੇ ਯਤਨ ਸਾਨੂੰ ਸਫਲਤਾ ਦੀਆਂ ਉਚਾਈਆਂ ਤੱਕ ਲੈ ਜਾ ਸਕਦੇ ਹਨ।

ਹਰਸ਼ਿਤ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ ਆਪਣੇ ਸਮਰਪਣ ਅਤੇ ਅਨੁਸ਼ਾਸਨ ਰਾਹੀਂ ਸਾਬਤ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਟੀਚਾ ਸਪੱਸ਼ਟ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ਾਂ ਨਿਰੰਤਰ ਹੋਣ, ਤਾਂ ਕੋਈ ਵੀ ਪ੍ਰਾਪਤੀ ਅਸੰਭਵ ਨਹੀਂ ਹੈ।

ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਮੂਹ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਤੋਂ ਉਤਸੁਕ ਹੋਣ, ਆਪਣੇ ਵਿਸ਼ਿਆਂ ਵਿਚ ਡੂੰਘਾਈ ਨਾਲ ਜਾਣ ਅਤੇ ਹਰ ਰੋਜ਼ ਕੁੱਝ ਨਵਾਂ ਸਿੱਖਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨ ਦੀ ਉਮੀਦ ਪ੍ਰਗਟਾਈ। ਸਫਲਤਾ ਸਿਰਫ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲਦੀ ਹੈ ਜੋ ਸਖ਼ਤ ਮਿਹਨਤ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਆਪਣੇ ਸੁਪਨਿਆਂ ਨੂੰ ਸਾਕਾਰ ਕਰਨ ਦੀ ਹਿੰਮਤ ਰੱਖਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਆਓ ਅਸੀਂ ਸਾਰੇ ਉੱਤਮਤਾ ਵੱਲ ਯਤਨ ਕਰੀਏ ਅਤੇ ਆਪਣੇ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਸ਼ਾਨ ਦੇਈਏ। ਇਹ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ ਬਹੁਤ ਜਾਣਕਾਰੀ ਭਰਪੂਰ ਅਤੇ ਪ੍ਰੇਰਨਾਦਾਇਕ ਸਾਬਤ ਹੋਇਆ।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल में ओलंपियाड विजेता हर्षित सिंगला का प्रेरणादायक संवाद सत्र

सवेरा न्यूज/लक्की

मंडी गोबिंदगढ़, 2 मईः ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल में ओलंपियाड विजेताओं के लिए एक प्रेरणादायक संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12 के प्रतिभाशाली विद्यार्थी हर्षित सिंगला मुख्य आकर्षण रहे। हर्षित ने उज़्बेकिस्तान में आयोजित होने वाले 58वें अंतरराष्ट्रीय रसायन ओलंपियाड के लिए भारत की टीम में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस विशेष सत्र में अभिभावकों की भी सहभागिता रही। हर्षित सिंगला ने अपनी तैयारी के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को विषय की गहरी समझ विकसित करने, प्रभावी अध्ययन विधियां अपनाने तथा परीक्षा के दबाव को संतुलित तरीके से संभालने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हर्षित सिंगला व उपस्थित प्रिंसिपल संगीता शर्मा तथा अभिभावक।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जबकि अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की। विद्यालय की प्रिंसिपल संगीता शर्मा ने विद्यार्थियों को हर्षित के उदाहरण से प्रेरणा लेकर उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बनने, विषयों की गहराई में जाने और प्रतिदिन कुछ नया सीखने का प्रयास करने का आह्वान किया।

Sun, 03 May 2026
epaper.dainiksaveratimes.in/c/79778100

पंजाब केसरी
MON,04 MAY 2026
EDITION: PATIALA KESARI, PAGE NO. 1

ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल में इंटरैक्टिव सत्र का किया आयोजन

कार्यक्रम उपरांत अध्यापकों व छात्रों के साथ प्रिंसीपल संगीता शर्मा। *(सुरेश)*

मंडी गोबिंदगढ़, 3 मई (सुरेश): ओम प्रकाश बांसल मॉडर्न स्कूल में ओलिम्पियाड विजेताओं के लिए एक प्रेरणादायक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 12 के प्रतिभाशाली छात्र हर्षित सिंगला मुख्य आकर्षण रहे।

हर्षित ने उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाले 58वें इंटरनैशनल कैमिस्ट्री ओलिम्पियाड के लिए टीम इंडिया में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस विशेष सत्र में अभिभावकों की भी सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावी एवं सार्थक बना। हर्षित सिंगला ने अपनी तैयारी के अनुभव सांझा करते हुए छात्रों को विषय की गहरी समझ विकसित करने, प्रभावी अध्ययन पद्धतियों को अपनाने तथा परीक्षा के दबाव को संतुलित तरीके से संभालने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को निरन्तर अभ्यास, अनुशासन और जिज्ञासा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अभिभावकों ने भी इस सत्र की सराहना की। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता शर्मा ने विद्यार्थियों को हर्षित के उदाहरण से प्रेरणा लेकर उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि आज का यह सत्र हमें यह सिखाता है कि मेहनत, लगन और सही दिशा में किया गया प्रयास हमें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। हर्षित सिंगला ने अपने समर्पण और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरन्तर हों, तो कोई भी उपलब्धि असंभव नहीं होती।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि सभी जिज्ञासु बनें, अपने विषयों की गहराई में जाएं और हर दिन कुछ नया सीखने का प्रयास करें। सफलता उन्हीं को मिलती है जो निरंतर मेहनत करते हैं और अपने सपनों को साकार करने का साहस रखते हैं।